विरोध नहीं करता। चीन ने भी यह सुझाव दिया है कि विस्तृत सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य के रूप में विकासशील देशों को शामिल किया जाना चाहिए।

शातिर अपराधियों को पासपोर्ट जारी किया जाना

188. **श्री रामगोपाल यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि शातिर अपराधियों और बंगलादेशी राष्ट्रिकों को पासपोर्ट जारी करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि बहुत से ऐसे व्यक्तियों को पासपोर्ट जारी किये गये जो बलात्कार, अपहरण, चोरी, सेंधमारी और लूटमार की गिरोहबद्ध वारदातों के अलावा हत्या जैसे संगीन अपराधों में संलिप्त थे;

(ग) यदि हां, तो ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है और वे पासपोर्ट प्राप्त करने में कैसे सफल हो जाते हैं; और

(घ) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्रवाई की है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री: (श्री सलीम इकबाल शेरवानी):

(क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) पासपोर्ट पुलिस/सी आई डी की निर्दोष रिपोर्ट, जिसमें आवेदक की राष्ट्रीयता भी निर्धारित होती है, प्राप्त होने पर जारी किए जाते हैं। तथापि, यदि पासपोर्ट कार्यालय को पुष्टि के लिए व्यक्तिगत विवरण प्रपत्र भेजने के 4 सप्ताह के भीतर पुलिस/सी आई डी रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो पासपोर्ट बिना पुलिस रिपोर्ट के ही जारी कर दिए जाते हैं। ऐसे मामलों में, यदि पासपोर्ट जारी होने के पश्चात् पुलिस रिपोर्ट प्रतिकूल प्राप्त होती है तो पासपोर्ट अधिनियम 1967 के उपबंधों के अंतर्गत पासपोर्ट जब्त करने/रद्द करने की कार्रवाई, मामले के अनुसार तुरंत की जाती है।

पुलिस रिपोर्ट प्रतिकूल होने के आधार पर रद्द किए गए जब्त किए गए पासपोर्टों के संबंध में आंकड़ें एकत्रित किए जा रहे हैं और सदन के पटल पर रख दिए जायेंगे। इसमें वे मामले भी शमिल होंगे जहां पुलिस व्यक्ति की भारतीय राष्ट्रीयता सिद्ध करने में असमर्थ रही।

Exposure of Pakistan's Terrorist Activities in Jammu and Kashmir

189. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what positive gains have been achieved during the recent visit of the Prime Minister to America;

(b) whether U.S.A. is taking note of the terrorist activities of Pakistan in Kashmir and inclined to declare Pakistan as a terrorist state; and

(c) what steps Government are taking to expose Pakistan's terrorist activities in Kashmir?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SALEEM IQBAL SHERWANI): (a) This was the first meeting between the two leaders intended to give direction and impetus to Indo-US relations. The meeting was not intended to finalise agreements on specific matters, but to enable a wide ranging exchange of views on bilateral, regional and global issues. As a follow-up to his meeting, number of high level visits have been scheduled by the US including the Secretary of State, Commerce Secretary and Secretary, Health and Human Services etc. During these visits, the dialogue will be taken further and in the course of which, specific issues in areas like economic and commercial cooperation, cooperation in science and technology, health etc., will be taken up.

(b) and (c) Pakistan's continued support to terrorism in J&K and other parts of India have been taken up on several occasions with the US and our concerns will continue to be reiterated. The US Government has recently declared Pakistan based organisation Harkat-ul-Ansar as terrorist organisation under the US laws. Government of India has recently declared Pakistan based organisation Harkat-ul-Ansar as terrorist organisation under the US laws. Government of India has stated that this is a welcome recognition of ground realities. The statement hoped that this latest decision would be followed by a recognition of other similar terrorist groups' and by effective steps to persuade Pakistan to disband the offices, training camps and cadres of the Harkat-ul-Ansar and other terrorist organisations based in Pakistan.